सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

********

नई दिल्ली, दिनांकः 5th अप्रैल, 2021

## कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित फरवरी, 2021 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अरूप श्याम

(अरूप श्याम चौधुरी)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाषः 23095091

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
17. अपर सचिव (बजट), आर्थिक कार्य विभाग।
18. प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/ एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/संयुक्त सचिव (बीसी एण्ड आईईआर)/संयुक्त सचिव(निवेश)/ सलाहकार (आईईआर)/सीएएए।
20. अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
21. गार्ड फाइल – 2021

सं.ए-45011/4/2021-प्रशा.III

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

****

**विषयः फरवरी, 2021 माह के लिए आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर मासिक सार।**

**1. वृह्द-आर्थिक विहंगावलोकन**

2020-21 की तीसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अर्थव्यवस्था धनात्मक क्षेत्र में वापस आ गई। यह वी-आकार की बहाली को मजबूत करने का एक तरीका है जिसकी शुरूआत 2020-21 की दूसरी तिमाही में हुई जो कि अन्य देशों की अपेक्षा भारत सरकार द्वारा अत्यधिक कठोर लॉकडाउन लगाने के कारण पहली तिमाही में जीडीपी में बड़े जीडीपी संकुचन के कारण हुआ। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार 2020-21 में भारत की जीडीपी 8.0 प्रतिशत तक संकुचित होगी।

वी-आकार की बहाली निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) और सकल स्थिर पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) दोनों में पुनःप्राप्ति से आई है। लॉकडाउन को बुद्धिमत्ता से संभालने और एक सुविचारित राजकोषीय प्रोत्साहन ने मजबूत आर्थिक आधार को क्रियाकलापों का त्वरित पुनरारंभ करने की अनुमति दी है। वर्षानुवर्ष के संकुचन से पहली तिमाही में 46.4 प्रतिशत से तीसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत की धनात्मक वृद्धि से जीएफसीएफ में सुधार आया है, पहली तिमाही के 26.2 प्रतिशत के संकुचन से तीसरी तिमाही में 2.4 प्रतिशत के एक अत्यंत छोटे संकुचन से पीएफसीई ने पुनर्प्राप्ति की है।

विनिर्माण में वास्तविक जीवीए में पहली तिमाही के 35.9 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में तीसरी तिमाही में 1.6 प्रतिशत की धनात्मक वृद्धि हुई है जबकि निर्माण में पहली तिमाही के 49.4 प्रतिशत के संकुचन की तुलना में तीसरी तिमाही में 6.2 प्रतिशत की धनात्मक वृद्धि हुई है।

अर्थव्यवस्था का आधार मजबूत बना रहा क्योंकि लॉकडाउन में धीरे-धीरे रियायतें दी गईं और साथ ही साथ आत्मनिर्भर भारत मिशन से लगातार सहायता मिलती रही जिसने अर्थव्यवस्था को सुधार के मार्ग पर लाकर खड़ा कर दिया। क्षेत्रवार वृद्धि दर अनुबंध में दी गई है।

**2. अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियां**

2.1 (क) 01.02.2021 को संसद में केंद्रीय बजट 2021-22 पेश किया गया।

(ख) इस विभाग ने वित्त वर्ष 2020-21 के अनुदानों की पूरक मांगों के दूसरे बैच को फरवरी, 2021 के माह में संसद में प्रस्तुत किया।

2.2 (क) माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन से फरवरी, 2021 के महीने के दौरान मालदीव को खेलकूद अवसंरचना में विकास के लिए 40.00 मिलियन अमरीकी डॉलर और रक्षा परियोजनाओं के लिए 50.00 मिलियन अमरीकी डालर राशि की ऋण सहायता दी गई।

2.3 (क) विश्व बैंक परियोजना "राज्यों (स्टार्स) के लिए शिक्षण अधिगम और परिणाम को मजबूत करने" हेतु 500 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण राशि पर हस्ताक्षर किए गए।
(ख) विश्व बैंक परियोजना "नागालैंड क्लास रूम शिक्षण और संसाधन सुधार परियोजना (नेक्टर)" के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (आईबीआरडी) से 22.02.2021 को 68.00 मिलियन अमरीकी डॉलर की ऋण राशि पर हस्ताक्षर किए गए।
(ग) छत्तीसगढ़ समावेशी ग्रामीण और त्वरित कृषि विकास परियोजना (चिराग) के लिए 12.2.2021 को विश्व बैंक के साथ 100 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।
(घ) गुजरात त्वरित शिक्षा (जीओएएल) परिणाम पर आईबीआरडी से 500 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण राशि पर 11.02.2021 को हस्ताक्षर किए गए।

2.4. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग को 23.02.2021 को एआईआईबी में भारतीय निदेशक के रूप में चुना गया है।

**2.5. फरवरी 2021 महीने के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।**

(i) माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में इस वर्ष के बजट निहितार्थ की रणनीति के बारे में मंत्रालयों/विभागों (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण (लीड) मंत्रालय, स्वास्थ्य अनुसंधान, आयुष और फार्मास्यूटिकल्स), विशेषज्ञों और उद्योग के सदस्यों के साथ एक वेबिनार 23.02.2021 में उपस्थिति दर्ज की।
(ii) माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने इटालियन प्रेसीडेंसी के तहत पहले जी-20 वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया, जो आभासी रूप से 26.02.2021 को आयोजित किया गया था।
(iii) माननीय वित्त मंत्री ने 24.02.2021 को प्रबंध निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ एक आभासी बैठक की और अन्य बातों के साथ-साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण, परिवर्तनकारी और समान वसूली के लिए नीतिगत उत्तरदायित्व, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) आबंटन सहित वैश्विक स्तर पर दीर्घकालिक वित्तपोषण की आवश्यकताओं और भारत में कोविड परिस्थितियों और कमजोर देशों के लिए टीके के उत्पादन और वितरण पर चर्चा की गई।
(iv) माननीय वित्त मंत्री ने एनआईपी के कार्यान्वयन के लिए सीईओ, नीति आयोग और 22 अवसंरचना मंत्रालयों/विभागों के सचिवों के साथ 26.02.2021 को तीसरी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और आगे के अवसंरचना ढांचे के रोडमैप के लिए बजट के बाद के बिंदुओं पर चर्चा की।

(v) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 16.02.2021 को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड की 587 वीं बैठक में बोर्ड के एक सदस्य के रूप में वीडियोकांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा, प्रथागत बजट के बाद की बैठक के लिए, वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के माननीय केंद्रीय मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारामन ने केंद्रीय बोर्ड के निदेशकों को संबोधित किया जहां उन्होंने केंद्रीय बजट 2021-22 और सरकार की प्राथमिकताओं की सोच को रेखांकित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री के साथ माननीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के राज्य मंत्री, वित्त सचिव और सचिव, राजस्व विभाग और सचिव, निवेश और सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग शामिल थे।

(vi) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 19.2.2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित 11 वें भारत-यूरोपीय संघ वृहत आर्थिक संवाद के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूरोपीय आयोग के आर्थिक और वित्तीय मामलों (ईसीएफआईएन) के महानिदेशक श्री मार्टेन वेरवे ने किया।

(vii) भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर के साथ सचिव (आर्थिक कार्य) ने 2021 में 24.2.2021 को आयोजित 2021 में भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत ब्रिक्स वित्त और केंद्रीय बैंक प्रतिनिधियों (एफसीबीडी) की पहली बैठक की अध्यक्षता की।

(viii) सचिव (आर्थिक कार्य) ने मुद्रा और सिक्के से संबंधित कार्यनीतिक मुद्दों की समीक्षा करने के लिए 22.2.2021 को आयोजित 7वें कार्यनीतिक योजना समूह (एसपीजी) की बैठक की अध्यक्षता की।

(ix) अपर सचिव ने बाहरी सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए डीईए स्क्रीनिंग कमेटी की 115वीं बैठक की अध्यक्षता की, जो 26.02.2021 को आयोजित की गई थी; बैठक में 45 परियोजनाओं पर विचार किया गया।

(x) वैश्विक विकास नेटवर्क (जीडीएन) अध्यक्ष के साथ आभासी मीटिंग जीडीएन असेंबली के अध्यक्ष, अपर सचिव द्वारा 25.2.2021 को आयोजित की गई थी।

(xi) अपर सचिव ने रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास और शिक्षा मंत्रालयों के साथ स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के लिए जागरूकता कार्यक्रम के बारे में 12.2.2021 को एक बैठक की अध्यक्षता की।

(xii) अपर सचिव ने लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलएमबीए) की भारत में मान्यता प्राप्त स्वर्ण रिफाइनरियों की बढ़ती संख्या के विषय पर 19.2.2021 को गोल्ड रिफाइनर्स, इंडिया गोल्ड प्रमोशन काउंसिल (आईजीपीसी) और वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (डब्ल्यूजीसी) की बैठक की अध्यक्षता की।

(xiii) अतिरिक्त सचिव ने स्वर्ण मुद्रीकरण योजना के तहत अपनी जमा राशि की समीक्षा करने के लिए तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और कटरा के प्रमुख मंदिर ट्रस्टों के मंदिर ट्रस्टों और बंदोबस्त विभागों के साथ 23.2.2021 को हुई बैठक की अध्यक्षता की।

(xiv) वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ने वित्तीय स्थिरता बोर्ड (एफएसबी) की स्टैंडिंग कमेटी ऑन स्टैण्डर्ड इम्प्लीमेंटेशन (एससीएसआई) की 04.02.2021 को हुई एक आभासी बैठक में वेबेक्स कॉल के माध्यम से भाग लिया।

(xv) वित्तीय स्थिरता बोर्ड के टू बिग टू फेल (टीबीटीएफ) मूल्यांकन कार्य समूह के सदस्य के रूप में, वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ने 1.2.2021 और 10.2.2021 को दो आभासी बैठकें कीं।

(xvi) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (आईडीए) की बैठक आईडीए देशों के वित्तपोषण विकल्पों पर चर्चा करने के लिए 8.2.2021 को आयोजित की गई थी।

(xvii) अवसंरचना से संबंधित अवसंरचना और वैकल्पिक निवेश फ़ंड (एआईएफ) में बीमा कंपनियों और पेंशन फ़ंड द्वारा निवेश की सुविधा के उपाय सुझाने के लिए गठित संचालन समिति की पहली बैठक 15.2.2021 को आयोजित की गई।

(xviii) एनआईआईएफ अवसंरचना ऋण वित्तपोषण (आईडीएफ) प्लेटफॉर्म कंपनियों के मूल्यांकन के लिए एनआईआईएफ अवसंरचना ऋण वित्तपोषण प्लेटफॉर्म पर मूल्यांकन समिति की तीन बैठकें 16.2.2021, 19.2.2021 और 24.2.2021 को आयोजित की गई।

(xix) भारत और ब्राजील के बीच एक डिजिटल वीडियो सम्मेलन 18.2.2021 को संयुक्त समिति के गठन और संचालन के बारे में जानकारी का आदान-प्रदान करने और यह समझाने के लिए किया गया था कि ब्राजील में प्रत्यक्ष निवेश के लोकपाल किस तरह से बने और संचालित होते हैं।

(xx) 19.02.2021 को आयोजित पीपीपीएसी की 99 वीं बैठक में डीओटी की भारतनेट परियोजना (98वीं बैठक में अंतिम मंजूरी दी गई) के लिए अपने अंतिम अनुमोदन को रद्द कर दिया गया और रेल मंत्रालय के लखनऊ रेलवे पुनर्विकास परियोजना को "सैद्धांतिक" मंजूरी दे दी गई।

(xxi) अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय निगम (आईएफसी) के साथ डब्ल्यूबीजी (2018-2022) के भागीदारी ढांचे के अनुसार अनुच्छेद III समझौते के तहत आईएफसी को अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में संशोधन करने के लिए एक बैठक आयोजित की गई थी।

3. **न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

4. **एसीसी के निर्देशों/आदेशों का गैर-अनुपालन**

शून्य।

5. **विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतिक्षित है: 16

***

अनुबंध

| सारणी 1: आर्थिक कार्यकलाप के बुनियादी मूल्यों पर जीवीए और बाजार मूल्यों पर जीडीपी की वृद्धि (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| क्षेत्र | स्थिर मूल्यों पर वृद्धि (2011-12) (प्रतिशत में) | |
| | **2019-20**<br>प्र. सं.अनु. | **2020-21**<br>द्वि. अ.अनु. |
| कृषि, वानिकी एवं मत्स्य | **4.3** | **3.0** |
| उद्योग | **-1.2** | **-8.2** |
| खनन और उत्खनन | -2.5 | -9.2 |
| विनिर्माण | -2.4 | -8.4 |
| विद्युत, गैस, पानी की आपूर्ति और अन्य उपयोगी सेवाएं | 2.1 | 1.8 |
| निर्माण | 1.0 | -10.3 |
| सेवाएं | **7.2** | **-8.1** |
| व्यापार, होटल, परिवहन भंडारण | 6.4 | -18.0 |
| वित्तीय, रियल स्टेट और व्यवसायिक सेवाएं | 7.3 | -1.4 |
| सार्वजनिक प्रशासन रक्षा और अन्य सेवाएं | 8.3 | -4.1 |
| बुनियादी मूल्यों पर जीवीए | **4.1** | **-6.5** |
| बाजार मूल्यों पर जीडीपी | **4.0** | **-8.0** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।
टिप्पणी: सं.अनु.: प्रथम संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अग्रिम अनुमान

| सारणी 2: जीडीपी की मांग में वार्षिक प्रत्यक्ष वृद्धि और इसके घटक (प्रतिशत में) | | |
|---|---|---|
| | **2019-20**<br>प्र. सं.अनु. | **2020-21**<br>प्र. अ.अनु. |
| कुल खपत | **5.9** | **-7.1** |
| सरकारी खपत | 7.9 | 2.9 |
| निजी खपत | 5.5 | -9.0 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | **5.4** | **-12.4** |
| निर्यात | -3.3 | -8.1 |
| आयात | -0.8 | -17.6 |
| **बाजार मूल्यों पर जीडीपी** | **4.0** | **-8.0** |

स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), एमओएसपीआई।
टिप्पणी: संशोधित अनुमान, अ.अनु.: अग्रिम अनुमान

| सारणी 3: मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | जनवरी - 20 | दिसम्बर - 20 | जनवरी - 21 |
| सीपीआई-सी | 7.59 | 4.59 | 4.06 |
| डब्ल्यूपीआई | 3.52 | 1.22 | 2.03 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

टिप्पणी: पिछले दो महीने के डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।

| सारणी 4: मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | **12.2.2021** |
| नीति रेपो दर | 4.0 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज (एफबीआईएल) | 6.08 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 5.9 |

टिप्पणी: # 29 जनवरी, 2021 की स्थिति के अनुसार

| सारणी 5: व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर)(बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| जनवरी 2020 | 25.9 | 41.2 | -15.3 |
| जनवरी 2021 | 27.5 | 42.0 | -14.5 |

| सारणी 6: व्यापार निष्पादन सेवाएं (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| दिसम्बर, 2020 | 18.7 | 11.5 | 7.2 |

स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 15.01.2021 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम डाटा।

| सारणी 7: भुगतान शेष | | |
|---|---|---|
| मदें | 2019-20 प्र.छ. | 2020-21 (पी) प्र.छ. |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डालर में) | -22.5 | 34.8 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत में) | -1.6 | 3.1 |

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक।

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डालर में) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 19.2.2021 | 583.9 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | |

| सारणी 9: भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पौंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| 18.2.2021 | 72.7327 | 100.7149 | 87.6148 | 68.6800 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | | | |

| सारणी 10: विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | सितम्बर ,2019 पीआर के अंत तक (1) | सितम्बर ,2020 पी के अंत तक (2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 557.6 | 556.2 | -0.2 |
| स्रोत: सितम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, आर्थिक कार्य विभाग | | | |

| सारणी 11: औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिंदु | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | अक्तूबर - 19 | नवम्बर - 19 | दिसम्बर - 19 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -6.6 | 2.1 | 0.4 |
| मासिक वृद्धि | अक्तूबर - 20 | नवम्बर - 20 | दिसम्बर - 20 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | 4.2 | -2.1 | 1.0 |

| सारणी 12: आठ प्रमुख उद्योग | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | नवम्बर-19 | दिसम्बर - 19 | जनवरी - 19 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | 0.7 | 3.1 | 2.2 |
| मासिक वृद्धि | नवम्बर - 20 | दिसम्बर - 20 | जनवरी - 20 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -1.4 | 0.2 | 0.1 |

*****